तापमान

अधिकतम 26 डिग्री

न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 बस ने युवक को कुचला, घंटों लगा रहा सड़क पर जाम



## खबर संक्षेप

### विवि ने 15 तक बढ़ाई नामांकन की तिथि

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि ने स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए नामांकन की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। विवि द्वारा पूर्व में ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तिथि 7 नवम्बर निर्धारित की गई थी। आधार की त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपना पंजीयन नहीं करा पा रहे थे तथा आधार में सुधार कराने के लिए नामांकन तिथि बढ़ाने का अनुरोध कर रहे थे। छात्र-छात्राओं के अनुरोध पर विवि प्रबंधन ने ऑनलाइन नामांकन की तिथि 15 नवंबर तक बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 15 नवम्बर तक अपना ऑनलाइन पंजीयन करा सकेंगे। कॉलेजों में पावती एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर निर्धारित की गई है।

### पिता के साथ हुआ विवाद तो पुत्र की बेदम पिटाई

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम भडारपारा निवासी राकेश यादव आ. लगनधारी यादव गत दिन सुबह गांव के ही राम नारायण बरगाह के घर के समीप खड़ा था। इसी दौरान राम नारायण बरगाह ने राकेश के पिता के साथ पूर्व में हुए विवाद की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए राकेश की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### भैंस के लड़ने पर भतीजे ने की चाचा से मारपीट

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम बडे दमाली जुनापारा निवासी गीता प्रसाद यादव आ. रामनाथ यादव गत दिन 11 बजे अपने 7 भैंस को चराने लखु चिटकाही के खेत के पास लेकर गया था। इसी दौरान भतीजा संतोष यादव भी अपने तीन भैंस को लेकर पहुंचा। इसी बीच गीता प्रसाद का एक भैंस भतीजे संतोष के भैंस से लड़ने लगा। जिसे देख भतीजे ने नाराज होकर चाचा के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना की रिपोर्ट पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोप के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महिला को पति ने उतारा मौत के घाट

**सीतापुर।** सनकी युवक ने अपनी गर्भवती पत्नी की बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी युवक



पत्नी के नाराज होकर मायके जाने से आक्रोशित था। आरोपी ने महिला की तब तक पिटाई की जब तक उसकी मौत नहीं हुई। मारपीट के दौरान महिला लगातार अपने गर्भवती होने की जानकारी देते रही लेकिन आरोपी ने उसकी नहीं सुनी। अब इस मामले में जांच उपरान्त पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम जजगा कठरापारा निवासी 30 वर्षीय राजू दास आ. बन्नू दास घर में किराने की दुकान चलाता है। घटना के दिन राजू दास किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गया हुआ था। जब वो वापस घर आया तो उसकी पत्नी घर में नहीं थी। आसपास पता लगाने के बाद पता चला कि उसकी पत्नी अपने मायके कोट रनईटिकरा चली गई थी। जानकारी मिलते ही आक्रोशित राजू पत्नी के घर पहुंचा और समझाकर अपने साथ घर ले आया और मायके जाने की बात को लेकर उसने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान सात माह की गर्भवती पत्नी पेट मे पल रहे बच्चे की दुहाई देकर अपनी जान की भीख मांगती रही लेकिन पति का दिल नहीं पसीजा। पति तब तक डंडे से पीटता रहा जब तक उसकी पत्नी की जान न निकल गई। घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर पत्थलगांव से गिरफ्तार कर लिया।

## चिरमिरी निगम के वार्डों में स्ट्रीट लाइट की रौशनी बढ़ाने की मांग

# तेंदुए के विचरण से दहशत में लोग

- तेजी से हो रहा है सोशल मीडिया पर वायरल
- मौके पर डटे हुए है वन विभाग और स्थानीय पुलिस



**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में बीती रात जंगली तेंदुए की आहट से दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने तेंदुए को जंगल किनारे और रिहायशी इलाके के पास घूमते हुए देखा है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल तेजी से हो रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग और स्थानीय पुलिस दलबल के साथ मौके पर डटे हुए हैं।

अधिकारियों ने इलाके में खोजबीन शुरू कर दी है और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है, फिलहाल कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना यह है कि शाम होते ही वे अपने घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं, मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर बांधा जा रहा है, वहीं प्रशासन से क्षेत्र में पिंजरा लगा कर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, रात के समय लोग अकेले घरों से बाहर नहीं निकले बच्चों को विशेष ध्यान रखें उनको अकेले बाहर ना भेजें और किसी भी संदिग्ध हलचल की सूचना तुरंत विभाग को दें। फिलहाल कोरिया कॉलरी क्षेत्र में दहशत का साया बना हुआ है, लोग हर आहट पर चौकन्ने हैं।

इस घटना के बाद लोगों ने नगर निगम प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से इलाके में स्ट्रीट लाइट की रोशनी बढ़ाने की मांग की है। क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के खंभे की लाइट बंद है, इससे रात में अंधेरा छाया रहता है , इसी कारण जंगली जानवरों को शहर के पास आने में आसानी हो रही है । वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अगर सड़कों और गलियों में पर्याप्त रोशनी होती तो लोग समय रहते सतर्क हो सकते थे। नगर निगम से मांग की जा रही है कि तुरंत बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर रिहायशी गलियों में नई लाइट लगाई जाए।

## अधिकारियों के समझाइश के बाद माने परिजन

**चरचा कॉलरी।** थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास 7 नवंबर की रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर



मृतक।

निवासी राजेश्वर कुमार उम्र 29 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश दोनों ही व्याप्त हो गया। मामले में विरोध प्रदर्शन के बाद तहसीलदार अमृता सिंह और एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक विकास शंकर ओझा मौके पर पहुंचे और परिजन से बातचीत की। मृतक के पिता ने अंतिम संस्कार के लिए 50 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की मांग रखी। स्थिति बिगड़ते देख अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम उमेश कुमार पटेल स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजन को समझाइश देते हुए तत्काल 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता दिलाई और बस संचालक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद परिजन जाम समाप्त करने का निर्णय लिया। इसके पश्चात शव को चरचा के मुक्तिधाम ले जाया गया, जहां रात में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि ठेका वाहनों की नियमित जांच हो, चालकों की जवाबदेही तय की जाए और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाएं न हों।

# कटाई जोरों पर, 15 से होनी है धान खरीदी



धान फसल की कटाई में जुटे किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश सरकार द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत करने की घोषणा की गई है, इसके लिए चंद दिन ही शेष बचे हैं, वहीं दूसरी ओर कोरिया जिले में किसानों द्वारा अभी धान कटाई ही पूरी नहीं कर पाए हैं। ऐसे में धान खरीदी के शुरूआती दिनों में खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की बोहनी होना भी मुश्किल लग रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों कई दिनों तक बदली बारिश के मौसम के कारण किसान धान की कटाई नहीं कर रहे थे, लेकिन मौसम साफ होने के बाद जिले में धान कटाई का कार्य जोर पकड़ रहा हैं। हालत यह है कि वर्तमान तक जिले में करीब 20 प्रतिशत ही धान की कटाई हो पाई है। लगातार कई दिनों तक मौसम के साफ रहने से अब धीरे-धीरे धान की कटाई जोर पकड़ने लगी है। धान की कटाई बड़े किसानों के द्वारा मशीनों से कराया जा रहा है। मशीनों की सहायता से कम समय में अधिक धान कटाई संभव हो रहा है, लेकिन छोटे किसानों के द्वारा अपने परिवार के सदस्यों व अन्य कुछ सहयोगियों की सहायता से धान कटाई कार्य किया जा रहा है, इसमें अधिक समय लगता है। इस तरह की स्थिति में अभी आगामी 15 नवंबर से धान खरीदी के शुरूआती दिनों में किसान धान बेचने के लिए तैयार नहीं होंगे। किसान धान की कटाई करने के बाद उसे समेट कर अपने खलिहानों में ला रहे हैं, जहां एकत्र धान फसल की मिंसाई करेंगे, इसके बाद ही धान विक्रय के लिए केन्द्र ले जाएंगे।

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** सिटी कोतवाली पुलिस ने शनिवार को एक शातिर बाइक चोर को रंगे हाथों गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी मेर साय उर्फ मेरू निवासी कसलगिरी थाना जयनगर जिला सूरजपुर एमसीबी जिले के सिरौली नवा टोला से होंडा ड्रीम युगा सीजी 16 सीजी 8167 चुराकर भाग रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी को सूचना मिली कि आरोपी चोरी की बाइक लेकर मनेन्द्रगढ़ की ओर आ रहा है।



सूचना मिलते ही उन्होंने टीम के साथ कठौतिया मोड़ के पास नाकेबंदी की। कुछ देर बाद आरोपी बाइक लेकर वहां पहुंचा। पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा करते हुए हसदेव नदी नर्सरी के पास उसे घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ में मेर साय उर्फ मेरू ने बाइक चोरी की वारदात को कबूल कर लिया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी दीपेश सैनी, सहायक उपनिरीक्षक मनीष तिवारी, प्रधान आरक्षक प्रिंस राय, हितेश्वर राजवाड़े, सुनील रजक और दुबेन्द्र यादव की अहम भूमिका रही।

## ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक के लिए हुई परीक्षा

**बैकुण्ठपुर।** व्यापम द्वारा रविवार को स्वास्थ्य विभाग के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला पद के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालय के दो परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई। उक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा एक ही पाली में आयोजित की गई।


परीक्षा समन्वयक से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में कुल पंजीकृत 349 में उपस्थित 281 एवं अनुपस्थित 68 रहे। इसी तरह परीक्षा केन्द्र शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में कुल पंजीकृत 89 में 81 उपस्थित तथा 8 अनुपस्थित रहे। इस तरह दोनों परीक्षा केन्द्रों में कुल पंजीकृत 438 में 362 उपस्थित और 76 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# 7.31 लाख की अवैध शराब सहित बोलेरो जब्त

- पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अनूपुपर।** नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अपने महत्वाकांक्षी अभियान के तहत रामनगर थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब की भारी खेप का परिवहन करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा है।

इस कार्रवाई में लगभग 7.31 लाख मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब और परिवहन में इस्तेमाल किया गया एक बोलेरो वाहन जब्त किया गया है। जानकारी के अनुसार 5 नवंबर की रात रामनगर पुलिस टीम अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से मिली सूचना पर पुलिस ने राजनगर स्थित स्टेडियम तिराहा के पास



सघन नाकेबंदी कर दी। नाकेबंदी के दौरान पुलिस को एक सफेद बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 16 बी 3956 तेज रफ्तार से आता दिखा। पुलिस को देखते ही चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन घबराहट में वाहन सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर रूक गया। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस भी हैरान रह गई। बोलेरो के अंदर रखे 16 खाखी रंग के कार्टन से भारी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब में एट पीएम, आइकॉनिक, पावर 10,000, ऑफिसर च्वॉइस, रॉयल स्टैग, मकडॉवेल्स, ओल्ड मोंक, ब्लेंडर्स प्राइड जैसे नामी ब्रांड शामिल थे। पुलिस ने बताया कि वाहन से कुल 150.840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,31,364 है। जब्त बोलेरो वाहन 6,00,000 अनुमानित सहित कुल जब्ती का मूल्य 7,31,336 आंका गया है। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमे शीतला प्रसाद गुप्ता पिता स्व. रामराज गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 झीमर, दीपक कुमार गुप्ता पिता शीतला प्रसाद गुप्ता उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 झीमर के है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध क्रमांक 301/25 पंजीबद्ध कर लिया गया है। पुलिस ने जब्त वाहन और शराब के संबंध में अग्रिम विवेचना शुरू कर दी है।

# पूर्व विधायक के बिगड़े बोल पर कांग्रेस नेताओं का पलटवार

## बोले-मानसिक रूप से असंतुलित व्यक्ति पार्टी की चिंता करने की स्थिति में नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा कांग्रेस नेत्री सुश्री जारिता लेफ्तलांग के विरूद्ध सोशल मीडिया एवं सार्वजनिक मंचों पर की गई अनर्गल, असत्य एवं अमर्यादित टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि बृहस्पति सिंह के बयानों से यह स्पष्ट है कि वे मानसिक रूप से असंतुलित हो चुके हैं। वे पहले ही कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किए जा चुके हैं, फिर भी आज वे यह दिखाने का प्रयास कर रहे हैं कि वे पार्टी के शुभचिंतक हैं। सवाल यह उठता है कि जब वे अब कांग्रेस का हिस्सा ही नहीं हैं, तो किस हैसियत से कांग्रेस की चिंता करने की बात कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बृहस्पति सिंह की भाषा और व्यवहार न केवल एक महिला जनप्रतिनिधि का अपमान है, बल्कि यह महिला सम्मान एवं सामाजिक मयार्दा के खिलाफ भी है। इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी उनके राजनीतिक दिवालियापन और मानसिक असंतुलन का प्रमाण है। उन्होंने इस प्रकरण पर थाना मनेन्द्रगढ़ में शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 500, 509 एवं आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधानसभा प्रत्याशी रमेश सिंह ने कहा कि बृहस्पति सिंह का यह बयान राजनैतिक द्वेष और व्यक्तिगत हताशा का प्रतीक है, जो व्यक्ति खुद पार्टी से निष्कासित है, वह कांग्रेस की नीतियों या नेतृत्व पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं रखता। पूर्व महापौर डमरू रेड्डी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे असत्य एवं असंवेदनशील बयान महिला सशक्तिकरण की भावना के विपरीत हैं।

इस प्रकरण से संबंधित संपूर्ण जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता एवं कार्यालय प्रभारी सौरव मिश्रा ने बताया कि यदि प्रशासन शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, तो जिला कांग्रेस संगठन महिला सम्मान की रक्षा और राजनीतिक मर्यादा के पक्ष में जनआंदोलन प्रारंभ करेगा।

## क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** जिला क्षय कार्यालय अनूपपुर सभागार में प्रमुख जिला टीबी आफिसर डॉ. एससीरॉय की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक रखी गई। जिले में-टीबी मुक्त ग्राम पंचायत की संख्या, डीबीटी, टीबी नोटिफिकेशन, नाट साइड पर टारगेट के अनुसार जांच की संख्या, एक्स-रे रिपोर्ट, निश्चय आईडी, स्पूटम ट्रांसपोर्ट की जानकारी के साथ, समस्त खंखार जांच केन्द्र (डीएमसी) की व्यवस्था पर गहन चर्चा कर कमियों को दुरुस्त करने की बात कही गई। टीबी के मरीजों को समय-समय पर पोषण आहार का वितरण हो रहा है कि नहीं। टीबी के दवा की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई।

# जिले में बैंकिंग सेवाओं का दायरा बढ़ा

- 25 साल में 10 से बढ़कर 37 शाखाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

करीब ढाई दशक पूर्व जहां जिले के कस्बों में केवल 10 बैंक शाखाएं संचालित थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 37 हो गई है। सरकारी, निजी तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की पहुंच दूरस्थ गांवों तक होने से आम लोगों में बचत और ऋण लेने की समझ में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। डिजिटल बैंकिंग का प्रसार होने से लेन-देन में पहले की तुलना में काफी सरलता आई है।

एटीएम, यूपीआई, मोबाइल ऐप और इंटरनेट बैंकिंग जैसी सुविधाओं से अब अधिकांश वित्तीय कार्य गांवों में बैठे-बैठे ही संभव हो रहे हैं। जनधन योजना के लागू होने के बाद जिले में खाता स्वामित्व तेजी से बढ़ा है। पहले जहां सीमित लोगों के पास ही बैंक खाते होते थे, वहीं अब लगभग सभी के पास खाते हैं, जन धन खाता धारक की संख्या ही 1 लाख 45 हजार से अधिक हैं, इससे वित्तीय समावेशन को गति मिली है। सरकारी लाभ वितरण की प्रक्रिया भी अब अधिक पारदर्शी और तेज हो गई है। पहले योजनाओं का भुगतान नकद किया जाता था, जबकि अब लाभार्थियों को आधार लिंक्ड खातों के माध्यम से डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए राशि प्राप्त हो रही है। कृषि व छोटे व्यवसायों के लिए ऋण उपलब्ध होना भी अब पहले की तुलना में आसान हुआ है। केसीसी, मुद्रा, एसएचजी और एमएसएमई ऋण योजनाओं के चलते लोगों की साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है और सस्ते ब्याज दरों पर बैंक से ऋण लेना संभव हुआ है। महिला स्व-सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ने से महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिली है। जिले के सोनहत ब्लॉक के कटगोड़ी तथा रामगढ़ जैसे दूरस्थ ग्रामों में बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों को काफी मदद मिली है। जिले में ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक की सबसे अधिक शाखाएं हैं। इसके अलावा 9 सरकारी बैंकों की 17 शाखा, छग राज्य ग्रामीण बैंक की 12 शाखा, निजी बैंकों की 5, अपेक्स बैंको की 2 तथा स्मॉल फाइनेंस बैंक की एक शाखा हैं तथा 49 एटीएम हैं। जिले में 313 बैंकिंग टच पाइंट हैं, जिसके अंतर्गत ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएसपी) 190 संचालित हैं, जो गांवों के दरवाजे पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हैं। इसी तरह निजी बैंकों एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक हैं। सहकारी तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अंतर्गत अपेक्स सहकारी बैंक, छग राज्य ग्रामीण बैंक व एक स्मॉल फाइनेंस बैंक ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा हैं। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत जिले में अब-तक प्रधानमंत्री जनधन योजना से करीब 1 लाख 45 हजार खाते, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 1 लाख 85 हजार लाभार्थी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 91 हजार सदस्य और अटल पेंशन योजना से 13 हजार खातेदार हैं।

## थाने में शिकायत दर्ज, राजीव भवन में प्रेसवार्ता

# बृहस्पत के झूठे आरोपों पर कोरिया कांग्रेस का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग एवं पूर्व प्रभारी कुमारी शैलजा पर रिश्वत के झूठे आरोप लगाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने तीखा विरोध जताया।

इस मामले में रविवार को कांग्रेसियों ने बृहस्पत सिंह के खिलाफ बैकुंठपुर थाना में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की, इससे पूर्व राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। इसमें जिला कांग्रेस कमेटी के



थाने में एफआईआर के लिए आवेदन सौपते कांग्रेसी।

अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस संगठन एक अनुशासित व पारदर्शी राजनीतिक संस्था है, जहां किसी भी प्रकार की धन लेनदेन या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संगठन के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप संपन्न हुई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बृहस्पत सिंह द्वारा लगाए गए आरोप न केवल निराधार हैं बल्कि कांग्रेस पार्टी एवं उसके वरिष्ठ नेतृत्व की साख को धूमिल करने का प्रयास हैं। यह कृत्य पार्टी की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। पत्रकारवार्ता में उपस्थित जिलाध्यक्ष अभ्यर्थियों ने भी अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए बृहस्पत सिंह के बयान का पुरजोर विरोध किया और कहा कि यह झूठा, भ्रामक एवं भड़काऊ बयान कांग्रेस संगठन की साख को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से दिया गया है। पत्रकारवार्ता के उपरांत कांग्रेसियों का ⏭ शेष पेज 4 पर

### पूर्व में विधायक ने लगाए हैं गलत आरोपः विकास

कोरिया जिला कांग्रेस के जिला संगठन महामंत्री विकास श्रीवास्तव ने कांग्रेस के छग की सह प्रभारी जरीता लैतफलांग के विरूद्ध पूर्व विधायक वृहस्पत सिंह द्वारा लगाए गए आरोप को गलत कहा है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि राष्टीय कांग्रेस के द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ऐसे समय में पूर्व विधायक वृहस्पत सिंह द्वारा जिला अध्यक्ष बनाने के नाम पर रूपए के मांग करने का आरोप कांग्रेस के छग की सह प्रभारी जरीता लैतफलांग के विरूद्ध द्वेषपूर्ण भावना से लगाया गया है, वे पार्टी की छवि को धूमिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं जिलाध्यक्ष का दावेदार हू, संगठन के बड़े पदाधिकारियों द्वारा अब तक कोई फोन नहीं किया गया और न ही रूपए की मांग किया गया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व विधायक वृहस्पत सिंह को जरीता लैतफलांग से सार्वजनिक मॉफी मांगनी चाहिए।

**खबर संक्षेप**



## अभा विधार्थी परिषद के विस्तार अभियान के तहत विद्यालयों में नई समिति का गठन

**बिश्रामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा चलाए जा रहे रीच टू अनरीच अभियान के अंतर्गत स्थानीय विद्यालयों में छात्र समितियों का गठन किया गया,संगठन विस्तार के इस अभियान में विद्यार्थियों को सामाजिक उत्तरदायित्व,राष्ट्रभाव और छात्रहितों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अभियान में छात्र संगठन के नगर मंत्री ऋतेश यादव,बिट्टू भारती, प्रतीक त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे,साथ ही अमन कुमार दाश एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यालयों में हुए संवाद कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को परिषद की विचारधारा, ज्ञान,शील और एकता से परिचित कराया गया तथा उन्हें संगठनात्मक रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया,अभियान के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी दी और आने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से जुड़ने की रुचि दिखाई। संगठन विस्तार अभियान 6 से 8 नवंबर तक निरंतर चलाया गया है,जिसके माध्यम से जिले के विभिन्न हायर सेकेंडरी संस्थानों में भी छात्र संगठन का विस्तार किया गया।

## श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन



**बिश्रामपुर।** नगर के 1बी -1सी कॉलोनी रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति में गत दिवस समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में नए पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया है,उक्त बदलाव पुरानी समिति के 3 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने के बाद किया गया है, कोयलांचल की सक्रिय संस्था उत्कल समाज श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति गत 9 वर्षों से लगातार सूरजपुर जिले का एकमात्र रथ यात्रा आयोजन करते आ रही है,जहां तीन साल पर नई समिति के गठन सर्व समिति से किए जाने की परंपरा चलती आ रही है,इसी प्रक्रिया के तहत नई समिति का गठन किया गया है,गठित नवीन समिति में समाज के गुरुद्वारा गली निवासी सेनापति प्रधान को अध्यक्ष,प्रदीप त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष एवं सूरज सेठी को सचिव का दायित्व सर्वसम्मति से सौंपा गया है,साथ ही अशोक स्वाई,गोविंद स्वाई एवं शीतिकांत स्वाई को संरक्षक का दायित्व सौंपा गया है। समिति में अन्य विभिन्न पदों पर संजय पंडा, ऋनाथ देहुरी, विद्याधर साहू, अलंकर नायक, लक्ष्मी त्रिपाठी, संतोष सेठी, प्रफुल्ल नायक, प्रमोद कहर, राजेंद्र प्रधान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## तिब्बती परिवार ने स्कूलों में किया स्वेटर वितरण



**मैनपाट।** तिब्बती समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु एवं नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित दलाई लामा के 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिब्बती समाज द्वारा वर्ष 2025 को सद्भावना वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कैंप क्रमांक 6 के लोबसंग (84 वर्ष) एवं उनकी धर्मपत्नी तेनजिन (82 वर्ष) द्वारा संकुल केंद्र सरभंजा अंतर्गत संचालित विद्यालयों के बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। परिवार के द्वारा प्राथमिक शाला सरभंजा के 80, प्राथमिक शाला ललेया के 39, प्राथमिक शाला सराईकिरचा के 12 बच्चों समेत कुल 131 बच्चों को स्वेटर प्रदान किया गया। तिब्बती समाज ने इस वर्ष को स्नेह, मानवता, परोपकार और सांझा सद्भाव के कार्यों को समर्पित करने का संकल्प लिया है। संकुल समन्वयक केके घोष ने तिब्बती समाज के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और इसे मानवीय संवेदनशीलता एवं सामाजिक एकता का उत्कृष्ट स्वरूप बताया।

### वैकल्पिक भवनों में हो रहा कॉलेजों का संचालन

# तीन साल का समय गुजरने के बावजूद आधा दर्जन कॉलेजों को नहीं मिल सकी भूमि

**हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर**

शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को अपने गांव के निकट उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जगह-जगह कॉलेजों की सौगात दी गई है। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों का संचालन वैकल्पिक भवनों में किया जा रहा है। स्थापना के तीन वर्ष लम्बा समय गुजरने के बावजूद प्रशासन द्वारा कई कॉलेजों को भवन निर्माण के लिए भूमि का आवंटन नहीं किया जा सका है।

**खास बातें**

- पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित
- सुविधाओं की कमी बनी बड़ी समस्या

दूरस्थ क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने शासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शासन की इस पहल से कॉलेजों में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। घर के निकट कॉलेज की स्थापना होने से युवाओं को काफी लाभ मिल रहा है तथा बड़ी संख्या में युवा उच्च शिक्षा लेकर अपना भविष्य संवारने की कोशिशे कर रहे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में कॉलेजों की स्थापना होने के पूर्व कम आयवर्ग के युवा 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण करने के बाद आगे की पढ़ाई बंद कर देते थे। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश युवा खेती-गृहस्थी का काम संभालने के साथ ही पढ़ाई करते हैं। ऐसे युवा कॉलेज की पढ़ाई के लिए शहरी क्षेत्र में रहने के लिए संसाधन नहीं जुटा पाते थे तथा 12वीं की पढ़ाई कर खेती के काम में लग जाते थे। तीन वर्ष पूर्व शासन ने सरगुजा संभाग के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में 14 शासकीय नवीन महाविद्यालयों की सौगात दी थी। शासन की स्वीकृति मिलते ही सभी कॉलेजों को वैकल्पिक भवनों में तत्काल प्रारंभ कर दिया गया। स्थापना के बाद से ही कॉलेजों की कक्षाएं नियमित संचालित हो रही हैं तथा हर साल छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। शासन द्वारा इन कॉलेजों के भवन निर्माण की भी पहल प्रारंभ कर दी गई है तथा अधिकांश कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए 4.65 करोड़ की राशि भी जारी कर दी गई है। प्रशासन द्वारा जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटित कर दी गई है लोनिवि द्वारा उनके भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ भी कर दी गई है लेकिन अभी भी सरगुजा संभाग के ऐसे आधा दर्जन से अधिक कॉलेज हैं जिनके भवन निर्माण के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण इन कॉलेजों का भवन बनने में लम्बा समय लगने की संभावना है।



हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन में संचालित कॉलेज।

**नहीं है मूलभूत सुविधाएं**

वर्तमान में सभी शासकीय नवीन महाविद्यालयों का संचालन वैकल्पिक भवनों में हो रहा है। अधिकांश महाविद्यालय हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन में हो रहा है जबकि कई कॉलेजों का संचालन अस्पताल, आईटीआई सहित अन्य भवनों में हो रहा है। प्रशासन द्वारा कुछ कॉलेजों को संस्था का पूरा भवन उपलब्ध कराया गया है जबकि कुछ कॉलेजों का संचालन दूसरी संस्थाओं के साथ किया जा रहा है जिससे दोनों ही संस्थाओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। भवन के अभाव में शासकीय नवीन महाविद्यालय रहन रनहत एवं हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं दो सत्रों में संचालित की जा रही हैं। सुबह 11 बजे तक भवन में कॉलेज की कक्षाएं संचालित होती हैं जबकि 11 बजे से शाम 4 बजे तक हाई एवं हायर सेकेण्डरी की कक्षाएं चलती है। भवन में शौचालय एवं वाशरूम की व्यवस्था नहीं होने से छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश कॉलेजों में लैब की सुविधा भी नहीं है। शासन द्वारा नवीन महाविद्यालयों के भवन निर्माण के लिए लोनिवि को 4.65 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई वहां भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है जबकि कई कॉलेजों के लिए अभी भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है वहीं कई के लिए अभी भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया चल रही है। शासकीय नवीन महाविद्यालय रनहत के लिए भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है लेकिन आवंटन नहीं हो सका है। इसी तरह नवीन कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, नवीन महाविद्यालय रघुनाथनगर सहित कई अन्य कॉलेजों की भूमि की आवंटन प्रक्रिया लंबित पड़ी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में स्वीकृत नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया भी प्रारंभ नहीं हो सकी है। संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में संचालित नवीन संगीत महाविद्यालय के लिए अभी तक भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया तक शुरू नहीं हो सकी है।

**चल रही है प्रक्रिया**

संबंधित कॉलेजों के प्राचार्य स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित कर भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी करा रहे हैं। शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए राशि जारी कर दी गई है तथा कई जगह भवन निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

-डॉ.रिजवान उल्ला
अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा

# बस ने युवक को कुचला, घंटों लगा रहा सड़क पर जाम



**हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी**

जिले के थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात एक सड़क दुर्घटना में नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 अंबेडकर नगर निवासी एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।

जानकारी के अनुसार राजेश्वर कुमार उम्र 29 वर्ष रात लगभग 10 बजे रेलवे स्टेशन के पास किसी कार्य से गए थे। वे सड़क किनारे पैदल मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट कंपनी की बस क्रमांक सीजी 16 सीक्यू 7933 जो कर्मचारियों को लेकर आ रही थी,उसी दौरान राजेश्वर को जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर इतनी भयानक थी कि बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और युवक को टक्कर मारने के बाद करीब 100-200 मीटर तक घसीटते हुए रौंद दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। जब तक आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे, तब तक राजेश्वर की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी। राजेश्वर कुमार चरचा के एक यामाहा शो-रूम में कार्यरत थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले एकमात्र सदस्य थे। उनकी पत्नी और दो नन्ही बेटियां एक मात्र दो वर्ष की और दूसरी चार माह की अब असहाय स्थिति में हैं।

पड़ोसियों और सहकर्मियों के अनुसार राजेश्वर मिलनसार और जिम्मेदार युवक थे। उनकी असमय मृत्यु से अंबेडकर नगर सहित पूरे चरचा क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। थाना प्रभारी चरचा प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि हादसे में शामिल एसईसीएल की बस को जब्त कर लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है और मामले की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, तथा रिपोर्ट आने के बाद शासन की ओर से 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता राशि परिजन को दी जाएगी। इसी के साथ कंपनी के अधिकारियों ने भी मृतक के परिजन को तत्काल 25 हजार रूपए देने की बात कही। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता और स्थायी रोजगार देने की मांग की है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषी चालक और संबंधित कंपनी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

**परिजन का फूटा आक्रोश किया सड़क जाम**

दुर्घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सुबह होते ही आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिकों ने चरचा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। उनका कहना था कि घटना के कई घंटे बाद तक न तो कोई अधिकारी मौके पर आए और न ही बस चालक की तत्काल गिरफ्तारी हुई। मृतक के पिता ने बताया कि हमारा बेटा चला गया, परिवार तबाह हो गया, पर न कोई एसईसीएल अधिकारी संवेदना जताने आया, न पुलिस प्रशासन ने समय पर कार्रवाई की, अब हमें केवल न्याय चाहिए। समाचार लिखे जाने तक जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। स्थिति तनावपूर्ण बनी रही। परिजन ने मुआवजा, दोषी चालक की गिरफ्तारी और पीड़ति परिवार को सरकारी सहायता देने की मांग कर रहे हैं।

**तेज रफ्तार पर लगे लगाम**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में बसें अक्सर तेज गति से रिहायशी इलाकों में चलती हैं। जिससे कभी भी बड़े हादसे की संभावना बनी रहती है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड ब्रेकर और सुरक्षा निगरानी प्रणाली लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो।

# मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला में शामिल हुए मंत्री राजवाड़े



**भैयाथान।** मंडल स्तरीय एसआईआर कार्यशाला का आयोजन मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य व मंडल प्रभारी संत सिंह की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता विशेष गहन पुनः निरीक्षण का कार्य नौवीं बार हो रहा है जिसमें प्रत्येक बूथ पर बूथ के साथ 5 से 6 पदाधिकारी नाम जोड़ने हटाने हेतु जानकारी एकत्रित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शांतनु गोयल ने किया व आभार व्यक्त मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, शीतल गुप्ता, मार्तंड साहू, रामू गोस्वामी, राम कुमार गुप्ता, राम केवल पैकरा, सीताराम कुशवाहा, सुरेंद्र गुप्ता सहित मंडल मोर्चा के पदाधिकारी व सभी बूथों के अध्यक्ष,बीएलए 2 सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान दरीपारा निवासी धनी राम देवांगन को ट्राई साइकिल का वितरण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया जिससे दिव्यांग को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

# डीएवी राष्ट्रीय जोनल स्तरीय खेलकूद में बिश्रामपुर के प्रतिभागियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** डीएवी छत्तीसगढ़ जोन के क्षेत्रीय अधिकारी प्रशांत कुमार के मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई, डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल,डीएवी बसंत विहार बिलासपुर व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में विविध आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता जोनल स्तरीय आयोजित की गई।

- अलग अलग खेलों में 37 गोल्ड, 25 सिल्वर मेडल व 4 ब्रॉन्ज मेडल किया हासिल, डीएवी बिश्रामपुर के 68 प्रतिभागी छात्र छात्रायें 22 नवंबर से दिल्ली एनसीआर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

जिसमें क्रीड़ा शिक्षक पीके वैद्य,खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा,अनीता वर्मा,श्रीमती नमिता गार्गी, रामजी सिन्हा,नासिर खान,अमूल्य भोई एवं ओंकार साहू के नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 99 छात्र और 45 छात्राओं ने फुटबॉल, बैडमिंटन, जूडो, ताईक्वांडो, एथलेटिक्स, स्केटिंग एवं क्रिकेट की स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है,डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के छात्र-छात्राओं ने 37 गोल्ड मेडल, 25 सिल्वर मेडल और 4 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित कर अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया है,ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ के 97 डीएवी पब्लिक स्कूलों एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों को पांच कलस्टर में विभाजित किया गया है जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर को क्लस्टर-थ्री में रखा गया है।ज्ञात हो कि डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई,डीएवी नंदिनी माइंस,डीएवी जामुल में 1 और 2 नवंबर को 14 वर्ष आयु,छात्र छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद स्पर्धा में जूडो में आयुष, विजय,प्रांजल, शिवांगी व आराध्या ने गोल्ड मेडल, आयुषी ने सिल्वर मेडल एवं रोमा ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया है,ताईक्वांडो में प्रखर सरकार व रुद्र मिश्रा ने गोल्ड मेडल तथा उत्तम व ऐश्वर्या ने सिल्वर मेडल,स्केटिंग में भूमिका जैन ने एक गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल, आर्यन,तृशा व अंकिता ने सिल्वर मेडल, एथलेटिक्स ट्रिपल जम्प में श्रद्धा उपाध्याय गोल्ड मेडल,तवा फेंक में श्रेया सिंह ने सिल्वर मेडल,400 मीटर रिले में छात्र वर्ग में अयान, कार्तिक, आदित्य व मनीष यासब ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रिले छात्रा वर्ग में श्रद्धा, वर्तिका, सानिया एवं सजिया ने सिल्वर मेडल, बैडमिंटन में डीएवी बिश्रामपुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत स्वास्तिक केसरी एवं अथर्व मिश्रा का डीएवी राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ।डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटीसेमरा जगदलपुर में 10 से 12 अक्टूबर को 17 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जूडो में कैफ हसन, लक्ष्य थापा, नैतिक कुमार, आयुष कुमार, अभ्युदय सिंह, विश्वजीत, श्रद्धा लकरा, अन्नपूर्णा, श्रेया मिश्रा, सोनम कुजूर ने गोल्ड मेडल,दीप्ति दुबे ने सिल्वर मेडल एवं प्राची साहू ने ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किया। ताईक्वांडो में नितिन कोराम, अरुण नायक, शौर्य प्रताप सिंह, अदिति खाखा, पुष्पांजलि, न्यासा जायसवाल, अदिति नायक व विजयलक्ष्मी ने गोल्ड मेडल तथा पीयूष राजवाड़े, यश चौधरी, सौम्या शर्मा व अक्षिता सिंह ने सिल्वर मेडल, स्केटिंग में हार्दिक जायसवाल व कृतिका यादव ने सिल्वर मेडल, तवा फेंक में रूद्र प्रताप सिंह ने गोल्ड मेडल, 400 मीटर रेस में आर्य केसरवानी, जसमीत सिंह, पवन कुमार एवं सक्षम सिंह ने गोल्ड मेडल, 200 मीटर रेस में सक्षम सिंह ने सिल्वर मेडल तथा ट्रिपल जम्प में मान्या राजवाड़े ने सिल्वर मेडल अर्जित किया।डीएवी पब्लिक स्कूल बसंत विहार बिलासपुर में 16 और 17 अक्टूबर को 19 वर्ष आयु छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के जूडो में जसराज सिंह मान व अनुराग यादव ने गोल्ड मेडल एवं सानिया ने सिल्वर मेडल, ताईक्वांडो में यश कुमार साहू व रौनक केसी ने गोल्ड मेडल, स्केटिंग में एमडी अयान ने सिल्वर मेडल, गोला फेंक में निश्चय कुमार सागर ने गोल्ड मेडल और तवा फेंक में सिल्वर मेडल तथा फुटबॉल में विद्यालय की फुटबॉल टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया,ज्ञात हो कि जोनल स्तर पर विजित प्रथम और द्वितीय स्थान अर्जित करने वाले डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के 46 प्रतिभागी छात्र एवं 22 प्रतिभागी छात्राएं अगले चरण में दिल्ली एनसीआर में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाली तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# मोटर पंप चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**राजपुर।** मोटर पंप चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरियों चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बघिमा निवासी 45 वर्षीय देवनारायण सांडिल्य के खेत में लगे सिंचाई मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने 6 नवम्बर की रात चोरी कर लिया था। ग्रामीण ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में जांच उपरान्त बघिमा निवासी 28 वर्षीय सहरु सांडिल्य उर्फ बरी आ. तेजन राम व भैयाथान के चंद्रमेढ़ा निवासी 25 वर्षीय रमेश यादव आ. राम केवल यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने दो अलग अलग स्थानों से दो नग मोटर पंप चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### दीपावली पर्व पर ठेका श्रमिकों को बोनस राशि भुगतान न करने पर जताई नाराजगी

# एटक श्रमिक संघ ने ठेका श्रमिकों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

कोयला उत्पादन में 75 प्रतिशत की अहम हिस्सेदारी रखने वाले ठेका श्रमिकों को दीपावली पर्व का बोनस न मिलने से एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में बड़ा आंदोलन शुरू हो गया है,संयुक्त कोयला मजदूर संघ एटक के नेतृत्व में आक्रोशित ठेका मजदूरों ने शनिवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन पर जानबूझकर बोनस लंबित करने का गंभीर आरोप लगाया है, आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया प्रबंधन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद क्षेत्रीय प्रबंधन ठेका मजदूरों के बोनस भुगतान में मनमानी कर रहा है।


संघ ने दावा किया कि हड़बड़ी में गायत्री भूमिगत खदान के श्रमिकों को आधा-अधूरा बोनस दिया गया है,जबकि करीब 6.5 लाख रुपए का बोनस भुगतान अभी भी बकाया है,वहीं केतकी खदान में बोनस का भुगतान अभी तक शुरू ही नहीं हो पाया है,मुख्य वक्ता अजय विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ठेका मजदूरों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है,उन्होंने कहा कि चेयरमैन ने स्वयं एसईसीएल का दौरा कर समय पर बोनस भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था, लेकिन क्षेत्रीय प्रबंधन न केवल देरी कर रहा है,बल्कि उच्च प्रबंधन को भी धोखे में रख रहा है,विश्वकर्मा ने ठेकेदारों द्वारा बिना भुगतान किए ही प्रबंधन से बोनस राशि का इनकैशमेंट करा लेने की शिकायतों को जांच का विषय बताया,उन्होंने स्पष्ट किया कि कोल इंडिया का निर्देश है कि 21 हजार रुपए से अधिक मासिक वेतन और 30 दिन की वार्षिक उपस्थिति वाले सभी कर्मचारियों को पीएलआई बोनस का भुगतान किया जाना चाहिए,संघ के क्षेत्रीय सचिव पंकज कुमार गर्ग ने प्रबंधन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर 3 दिन के अंदर बिश्रामपुर क्षेत्र के सभी ठेका श्रमिकों को बोनस का भुगतान नहीं किया जाता है,तो संघ के नेतृत्व में ठेका श्रमिक क्रमिक भूख हड़ताल शुरू करेंगे,आंदोलन में श्रमिक संघ के धर्मजीत सिंह,मुरली सिंह, सोमार साय, आरके द्विवेदी, सजल मित्रा और सलमान खान ने भी सभा को संबोधित कर श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाई,धरना प्रदर्शन उपरांत संघ द्वारा प्रबंधन के नाम ज्ञापन सौंपा गया है।



# छात्राओं ने किया रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर का किया भ्रमण



**बिश्रामपुर।** शासकीय आजाक कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य के मार्गदर्शन में विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम रिटेल विभाग के कक्षा 11 वीं एवं कक्षा 12 वीं कुल 67 छात्राओं ने रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर का भ्रमण किया,रिलायंस ट्रेंड्स सूरजपुर के मैनेजर हरीश तिवारी के सहयोग से रिटेल मार्केटिंग से संबंधित जानकारी छात्राओं को उपलब्ध कराया गया,जिसमें छात्राओं ने बिलिंग प्रोसेस,डिस्प्ले प्रोडक्ट,कस्टमर हैंडलिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की,व्यावसायिक प्रशिक्षक थलेश्वर राजवाड़े ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी वास्तविक उद्योगों और कार्यस्थलों का अनुभव प्राप्त करें। इससे उन्हें सैद्धांतिक ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग समझ में आता है,साथ ही यह भ्रमण विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल, आत्मविश्वास और रोजगार के अवसरों की समझ विकसित करता है।



## 'द फैमिली मैन 3' में नए चेहरों के बीच फंसे 'श्रीकांत तिवारी'

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 'द फैमिली मैन 3' का ट्रेलर जारी हो गया है। इसे देखने के बाद लोगों की उम्मीदें सातवें आसमान पर पहुंच गई हैं। श्रीकांत तिवारी के किरदार में मनोज पिछले दोनों सीजन जैसे कमाल लगे हैं, लेकिन दो नए चेहरों के बीच उन्हें फंसा दिखाया गया है। पहला चेहरा जयदीप अहलावत का है, जो विलेन बने हैं। दूसरीं निमृत कौर हैं, जिनके किरदार में सस्पेंस है। 'द फैमिली मैन 3' का ट्रेलर 2 मिनट 49 सेकंड का है, जिसकी शुरुआत मनोज उर्फ श्रीकांत से होती है। ट्रेलर में वह दोनों बच्चों को अपने काम के बारे में बताते दिखते हैं। अभिनेता को पहली बार सीरीज में परेशान दिखाया गया है और जयदीप उन पर भारी पड़ रहे हैं।

लाइफ Style

# रश्मिका

## विजय संग शादी की जगह-तारीख आई बाहर

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरों ने सोशल मीडिया पर खूब चर्चा बटोरी। अब दोनों की शादी की तारीख पर चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि दोनों अपने रिश्ते को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगले साल 2026 में रश्मिका और विजय शादी कें बंधन में बंध जाएंगे। शादी की तारीख और जगह क्या होगी, यह जानकारी भी बाहर आ गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट सामने आया है जिसमें दावा किया गया है कि रश्मिका और विजय अगले साल 26 फरवरी, 2026 को शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं। दोनों ने अपनी शादी के लिए उदयपुर का भव्य पैलेस चुना है। इस पोस्ट ने आते ही हलचल मचा दी है, जिस पर लोग भी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे प्रतिष्ठित और सबसे बड़ी शादी होगी!' दूसरे ने लिखा, 'बधाई हो।'

***रश्मिका ने दिखाई थी सगाई की अंगूठी :*** रश्मिका और विजय के करीबी सूत्र ने को बताया कि दोनों ने 3 अक्टूबर को निजी समारोह में सगाई की थी। 'गर्लफ्रेंड' के प्रमोशन के दौरान अभिनेत्री ने जगपति बाबू के टॉक शो 'जयम्मु निश्चयमु रा' में अपनी अंगूठियां भी दिखाई थीं, जिसमें से एक उनकी सगाई की अंगूठी थी। जब अभिनेता ने विजय का नाम लिया, तो रश्मिका काफी शर्म से लाल हो गईं थी। रश्मिका आखिरी बार आयुष्मान खुराना के साथ 'थामा' में नजर आई हैं।



### हॉलीवुड मसाला




## दर्शकों के बीच फिर लौटने तैयार

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों के शौकीनों का इंतजार खत्म होने वाला है। इस पॉपुलर फ्रेंचाइजी की अगली किस्त 'एवेंजर्स डूम्सडे' लोगों के बीच जल्द लौटने को तैयार है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म का पहला ट्रेलर रिलीज करने के लिए एक खास योजना बनाई है। जाहिर है कि एमसीयू की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, 'एवेंजर्स डूम्सडे' को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। सेट से फोटो लीक होने के बाद यह उत्साह और बढ़ गया था।




## बॉलीवुड-साउथ की धुरंधर फिल्मों पर भारी पड़ी हॉलीवुड की 'प्रेडेटर बैडलैंड्स'

**लॉस एंजिल्स।** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार जब एक साथ कई फिल्में रिलीज हुईं, तो दर्शकों के सामने कई विकल्प मौजूद थे। बॉलीवुड से लेकर साउथ और हॉलीवुड तक सिनेमाघरों में कई फिल्में देखने के लिए मौजूद थीं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि इस बार बॉलीवुड नहीं, बल्कि हॉलीवुड की एक साइंस-फिक्शन थ्रिलर ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हम बात कर रहे हैं 'प्रेडेटर बैडलैंड्स' की, जिसने रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर बाकी सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए धमाकेदार शुरुआत की है। 7 नवंबर को रिलीज हुई इस फिल्म ने भारत में पहले दिन 2.25 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। दिमित्रियस शूस्टर-कोलोमाटांगी और एले फैनिंग जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच लाया। फिल्म को मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिली हैं, लेकिन एक बात तय है- इसका रोमांचक एक्शन और डरावना विजुअल अनुभव भारतीय दर्शकों को खूब लुभा रहा है।



## श्रद्धा कपूर सीख रहीं लावणी डांस...

**मुंबई।** बॉलीवुड की 'स्त्री' यानी श्रद्धा कपूर काफी समय से अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। उनका आगामी प्रोजेक्ट विथाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जीवनी पर आधारित होगा। ताजा जानकारी है कि श्रद्धा ने इस फिल्म के लिए तीन महीने तक लावणी और गवलन डांस सीखा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर करेंगे, जो इससे पहले विक्की कौशल की 'छावा' से प्रसिद्धी हासिल कर चुके हैं। आइए जानते हैं श्रद्धा की इस आगामी फिल्म के बारे में। विथाबाई भाऊ पर आधारित, श्रद्धा की बायोपिक फिल्म का नाम 'ईथा' रखा गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्र ने कहा, उनकी मां शिवांगी कोल्हापुरी महाराष्ट्रीयन हैं, इसलिए श्रद्धा इस संस्कृति में गहराई से जुड़ी हैं। एक और खूबी उनकी डांस है, क्योंकि यह विथाबाई की जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा थी।



## अक्षय लव ट्रायंगल से करेंगे मनोरंजन

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार साल में 5 से 6 फिल्में करने में विश्वास रखते हैं। इस साल 'केसरी चैप्टर 2' और 'हाउसफुल' समेत उनकी कई फिल्में रिलीज हुईं और अब नजर 2026 पर है। अक्षय ने कई साउथ फिल्मों के हिंदी रीमेक में काम किया है, जिसमें 'राउडी राठौर', 'सरफिरा' और 'सेल्फी' शामिल हैं। अब वह साउथ की फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' की मूल कहानी को बरकरार रखते हुए इसका पुनर्निर्माण करेंगे। इसके लिए वह फिर अनीस बज्मी के साथ जुड़े हैं। सूत्र ने बताया है कि अक्षय और अनीस को फिल्म 'संक्रांतिकी वस्तुनम' की कहानी बेहद पसंद आई है। फिल्म में मुख्य अभिनेता वेंकटेश हैं, जो अपनी पत्नी और प्रेमिका के बीच फंसे होते हैं। अनीस पहले से रिलीज हुईं फिल्मों के आधार पर नई कहानियां लिखने में माहिर हैं।

### टीवी मसाला



## काम्या ने खोली निर्माताओं की पोल, कहा- गंदा है; पर धंधा है

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' के हालिया एपिसोड में नॉमिनेशन टास्क हुआ। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए 5 प्रतियोगियों को नॉमिनेट किया गया है। इससे जहां एक ओर 'बिग बॉस' के घर में घमासान मच गया है, वहीं घर के बाहर भी चर्चा जारी है। अब टीवी अभिनेत्री और 'बिग बॉस 7' का हिस्सा रहीं काम्या पंजाबी ने इस टास्क की आलोचना की और इसी के साथ उन्होंने 'बिग बॉस' के निर्माताओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर की।

***ऐसे खेला गया नॉमिनेशन टास्क :*** इस हफ्ते का नॉमिनेशन टास्क जोड़ियों में खेला गया। घरवालों को दो-दो के जोड़े में बुलाया गया और उन्हें दूसरे सदस्यों के नाम देकर फैसला करना था कि किसे बचाना है और किसे नॉमिनेट करना है। कुल 5 राउंड हुए। बेघर होने के लिए नीलम गिरी, अभिषेक बजाज, गौरव खन्ना, अशनूर कौर और फरहाना भट्ट का नाम सामने आया। उधर काम्या हर सीजन के दौरान सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं। अब उन्होंने नॉमिनेशन के तरीके पर सवाल उठाए हैं।

***बिग बॉस ने नॉमिनेट किए सदस्य- काम्या :*** काम्या ने एक्स पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने लिखा, 'ये कैसा नॉमिनेशन है? जिस तरफ के विकल्प, जिन लोगों को दिए गए थे, इससे एकदम साफ था कि 'बिग बॉस' खुद इन लोगों को ही नॉमिनेट करना चाहते थे। गंदा है, पर धंधा है ये।' उनके इस पोस्ट पर लोगों ने भी सहमति जताई और कहा कि इस बार का नॉमिनेशन तय था। वैसे काम्या से पहले हिना खान ने शो की नॉमिनेशन प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए थे।

### कौन हैं कशिश अग्रवाल, जिसे डेट कर रहे शहनाज के भाई शहबाज




'बिग बॉस 19' हमेशा से दर्शकों का मनोरंजन करता आया है। कई बार प्रतियोगी शो के दौरान निजी जिंदगी से जुड़े ऐसे अपडेट्स देते हैं, जिनपर चर्चा शुरू हो जाती है। पिछले दिनों अभिषेक बजाज अपनी पूर्व पत्नी आकांक्षा जिंदल के चलते सोशल मीडिया पर छाए थे। अब शहनाज गिल के भाई शहबाज बदेशा ने लव लाइफ पर संकेत देते हुए दर्शकों को नया मसाला दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह कशिश अग्रवाल को डेट कर रहे हैं। लाइवफीड के दौरान, शहबाज शो में अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहते हैं, आज मुझे किसी की याद आ रही है। अपनी गर्लफ्रेंड की। उन्होंने बताया कि स्क्रीन पर निजी जिंदगी के बारे में बात नहीं करने के लिए उन्हें कई लोगों से सलाह मिली थी।

## खत्म किया पति मयंक गांधी संग नौ साल पुराना रिश्ता

**मुंबई।** मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली ने पति मयंक गांधी संग अपनी 9 साल की शादी को खत्म करने का फैसला ले लिया है। यही नहीं दोनों के तलाक की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पिछले कुछ महीनों से दोनों के अलगाव की खबरों ने जोर पकड़ रखा था। चर्चा थी कि अभिनेत्री ने 'बिग बॉस 19' का न्यौता भी इसलिए ठुकराया था, क्योंकि उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही थी। अब हुनर ने खुद तलाक की पुष्टि की है। एक इंटरव्यू में हुनर ने कहा, हम तलाक लेने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन यह अभी भी प्रक्रिया में है। इसलिए मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहती। मुझे लगता है कि अगर कोई भी बात आती है बाहर तो बहुत सारे माध्यम हैं जिसकी जरूरी चीजें बाहर आती है। मैं कभी भी इस्तेमाल का सवाल नहीं उठाती क्योंकि मैं जानती हूं कि मैं अभिनेत्री हूं। हम कितना भी इस्तेमाल की सुरक्षा करें, वो हमारे हाथ में नहीं होता।





***प्रक्रिया को आत्मविश्वास से संभाल रहीं अभिनेत्री :*** हुनर ने कहा, हम इतने लोगों से मिलते हैं, उठते हैं, काम करते हैं तो आप इससे निपट सकते हैं और मैं इससे निपट रही हूं। लेकिन मैं इसे आत्मविश्वास के साथ संभाल रही हूं। साल 2016 में हुनर और मयंक ने दिल्ली में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शादी रचाई थी। दोनों के तलाक की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। बता दें कि हुनर '12/24 करोल बाग', 'पटियाला बेब्स' और 'वीर हुनमान' जैसे शो में नजर आई हैं।

*मुंबई। यामी गौतम अपनी आगामी फिल्म 'हक' को लेकर खबरों में छाई हुई हैं, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में उन्हें पहली बार इमरान हाशमी के साथ देखा जाएगा। जाहिर है कि अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं, जिनमें से कुछ फिल्मों की कहानी सच्ची घटनाओं पर आधारित रही है। इन फिल्मों को ओटीटी पर देखा जा सकता है, और इन्हें आईएमडीबी पर जबरदस्त रेटिंग मिली है।*

## ओटीटी पर धूम मचा रहीं ये फिल्में, जबरदस्त है रेटिंग...

### 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' और 'अ थर्सडे'

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'द सर्जिकल स्ट्राइक' में यामी ने अहम किरदार निभाया था। यह फिल्म भारतीय सेना की ओर से आतंकवादी सैन्य ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक पर आधारित है। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 8.2 की रेटिंग मिली है। यामी की 'अ थर्सडे' वैसे तो काल्पनिक कहानी पर बनी है, लेकिन अभिनेत्री ने अपने अभिनय से खूब वाहवाही बटोरी थी। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर है, और इसे 7 रेटिंग मिली है।

### 'आर्टिकल 370' और 'बदलापुर'

फिल्म 'आर्टिकल 370' में यामी ने सीक्रेट एजेंट जूनी हस्कर का किरदार निभाया था, जो फिल्म के महत्वपूर्ण किरदारों में से एक था। यह फिल्म आर्टिकल 370 हटाने की कार्रवाई पर आधारित है, जिसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इसे 7.8 की रेटिंग मिली है। अभिनेता वरुण धवन की फिल्म 'बदलापुर' में यामी ने अपनी छोटी सी भूमिका से लोगों का ध्यान खींचा था। जी5 पर मौजूद इस फिल्म को 7.4 की रेटिंग मिली है।




### 'ओएमजी 2' और 'काबिल'


अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' में यामी को महिला वकील के दमदार किरदार में देखा गया था। फिल्म की कहानी यौन शिक्षा को बढ़ावा देती है, जिसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इस फिल्म को 7.5 की रेटिंग मिली है। ऋतिक रोशन की फिल्म 'काबिल' यामी की बेहतरीन फिल्मों में शामिल है। इसमें उन्होंने नेत्रहीन महिला का किरदार निभाया था। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है।

### इमरान और यामी अभिनीत फिल्म को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही

# 'हक' सिनेमाघरों के बाद जनवरी में होगी ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'हक' को दर्शकों की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिली है। कुछ लोगों को यामी का अभिनय पसंद आया है, तो कुछ को कहानी पसंद आ रही है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म की तारीफों के कसीदे तो पढ़े हैं, लेकिन फिल्म देखी नहीं है। ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता के बीच बहुत से लोग फिल्मों को घर बैठकर भी देखना पसंद करते हैं। जानिए 'हक' किस ओटीटी पर रिलीज होगी।

***फिल्में 60 दिन बाद देती हैं ओटीटी पर दस्तक :*** एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'हक' अगले साल 2 जनवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। हालांकि निर्माताओं की ओर से भले 'हक' की ओटीटी रिलीज पर आधिकारिक बयान नहीं आया हो, लेकिन यह बात तो तय है कि इसमें अभी वक्त है। आमतौर पर हिंदी फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होने के करीब 55 से 60 दिन बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देती हैं। देखा जाए तो निर्माता इमरान और यामी की फिल्म के साथ भी यही फॉर्मूला अपनाएंगे।



### फिल्म 'हक' के बारे में

फिल्म 'हक' का निर्देशन सुपर्णा एस वर्मा ने किया है। कहानी इंदौर के चर्चित शाह बानो केस से प्रेरित है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। फिल्म में यामी शाजिया बानो के किरदार में हैं, और इमरान अब्बास के किरदार में हैं। इसके अलावा फिल्म में शीबा चड्ढा, एसएम जहीर, वर्तिका सिंह और दानिश हुसैन जैसे कलाकार नजर आए हैं।

## 'हक' के अलावा असली कोर्टरूम ड्रामा पर बन चुकी हैं ये फिल्में, ओटीटी पर देखें

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी और यामी गौतम की फिल्म 'हक' कोर्टरूम ड्रामा पर बुनी गई है। इस फिल्म की कहानी 1980 के शाह बानो केस से प्रेरित है। फिल्म में इमरान ने वकील का किरदार निभाया है, लेकिन पति के किरदार में वह काफी अहम रोल अदा करते दिखे हैं। वैसे 'हक' के अलावा बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में बन चुकी हैं, जिसमें कोर्टरूम ड्रामा को बखूबी दिखाया गया है। ये फिल्में ओटीटी पर मौजूद हैं, जिनका लुत्फ उठा सकते हैं।




**'तलवार' और 'शाहिद'** : दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'तलवार' 2015 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया था। इसकी कहानी नोएडा के डबल मर्डर केस (आरुषि-हेमराज) पर आधारित है। फिल्म जियो हॉटस्टार पर मौजूद है। राजकुमार राव अभिनीत फिल्म 'शाहिद' 2013 में रिलीज हुई थी, जिसकी कहानी मानवाधिकार कार्यकर्ता और वकील शाहिद आजमी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म को अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध कराया गया है। फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता ने किया है।

**'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' और 'सिर्फ एक बंदा काफी है'**: रानी मुखर्जी की फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' असली कहानी पर बनी है, जिसमें एक महिला सागरिका चक्रबर्ती ने नॉर्वे की चाइल्ड वेलफेयर सर्विसेज के खिलाफ कानूनी जंग लड़ी थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर है। रानी ने इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का नेशनल पुरस्कार जीता है। मनोज बाजपेयी की 'सिर्फ एक बंदा काफी है' जी5 पर मौजूद है। फिल्म की कहानी

## खबर संक्षेप

### कॉलेज के विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



**मनेन्द्रगढ़।** डॉ.आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में 8 नवंबर को छग राज्य के 25 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे। इनमें डांस, नाट्य प्रस्तुति (ड्रामा) एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान में मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को छग की समृद्ध संस्कृति, विरासत और परंपराओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन और मातृभूमि की वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें राज्य की लोक संस्कृति जीवंत रूप से प्रदर्शित हुई। नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों ने छग के ग्रामीण जीवन, लोक मान्यताओं और सामाजिक मूल्यों का सजीव चित्रण किया। छत्तीसगढ़ी पोशाकों में सजे विद्यार्थियों ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाते हुए राज्य की पहचान को मंच पर खूबसूरती से उतारा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एवं संकेत शर्मा सहित समस्त सहायक प्राध्यापक, स्टाफ एवं बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाएं काफी संख्या में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को राज्य की गौरवमयी परंपरा और इतिहास को आत्मसात करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छग की धरोहर और संस्कृति हमारी पहचान है और युवा पीढ़ी को इसे संरक्षित कर आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा सफलतापूर्वक किया गया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### इंसानियत की मिशाल पेश करने वाले नजाकत अली का सम्मान

**अम्बिकापुर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ और सरगुजा के 11 सैलानियों की जान बचाने वाले सैयद नजाकत अली का नाजमिया मस्जिद रसूलपुर की ओर से सम्मान किया गया। इंसानियत और भाईचारे की मिसाल पेश करने वाले नजाकत अली को समाज के लोगों ने जुमे की नमाज के बाद फूल माला पहनाकर और गले मिलकर सम्मान किया। इस दौरान नाजमिया मस्जिद के इमाम मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब ने इंसानियत का सन्देश दिया और उनके लिए दुनिया में सभी इंसान एक सामान थे। उन्होंने कहा कि किसी बेगुनाह की हत्या करना पूरे इंसानियत की हत्या करना है और किसी इंसान की जान बचाना पूरे इंसानियत को बचाना है। जुमे की नमाज के बाद मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही की अध्यक्षता में नजाकत अली का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुतवल्ली जिलानी खान, अध्यक्ष रशीद अहमद अंसारी, सचिव हाजी आरिफ़ खान तथा मस्जिद में मौजूद सैकड़ों नमाज़ियों और स्थानीय नागरिकों ने नजाकत अली का सम्मान किया गया। सभी वक्ताओं ने कहा कि नजाकत अली का यह कार्य कश्मीरियत, इंसानियत और हिंदुस्तानियत की असली तस्वीर पेश करता है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर छत्तीसगढ़ के परिवारों को सुरक्षित बाहर निकालकर यह साबित किया कि मजहब से बढ़कर इंसानियत है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बृहस्पत के झूठे...

प्रतिनिधिमंडल बैकुंठपुर थाना पहुंचा, जहां थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बृहस्पत सिंह के खिलाफ मानहानि, भ्रामक प्रचार एवं संगठन की छवि खराब करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, गणेश राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता, विनोद शर्मा, अंकित गुप्ता, दिनेश राजवाड़े एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## सामान ढोने वालों पर उचित कार्रवाई करने की जरूरत

# मालवाहक वाहन में क्षमता से अधिक सवारी

**ओव्हरलोड सामान भरकर वाहनों को सड़क पर दौड़ते देखा जा सकता है**

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के सड़कों पर क्षमता से अधिक सवारी ऑटो में भरकर खतरनाक तरीके से चलते आसानी देखा जा सकता है, इसके अलावा मालवाहक वाहन पिकअप में भी श्रमिकों को यहां से वहां ले जाते हुए आसानी से शहर के बीच से होकर आना-जाना करते देखा जा सकता है, इस पर समय-समय पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण विभिन्न वाहनों में ओव्हरलोड सामान भरकर असुरक्षित तरीके से सड़कों पर वाहनों को दौड़ते देखा जा सकता है जो कि वाहन के दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

इसके अलावा सुरक्षित सड़क यातायात के लिए भी खतरा बना रहता है, इसके अलावा ऑटो सहित अन्य वाहनों में असुरक्षित तरीके से क्षमता से अधिक सवारी भरकर वाहनों को तेज रफ्तार दौड़ते हुए देखा जा सकता है। ऐसे वाहन चालन पर पुलिस की कार्रवाई जरूरी हैं, लेकिन कभी-कभार ही ऐसे वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई चलती है, जबकि ओव्हरलोड वाहन प्रतिदिन यहां-वहां अपने गंतव्य की ओर जाते दिखाई आसानी से देते हैं। बीते दिनों पटना थाना क्षेत्र में एक ऑटो में एक दर्जन से अधिक महिलाओं से भरी ऑटो ग्राम छिंदिया के नकटानाला में तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर पलट गई थी। घटना में दो महिलाओं की मौत भी हो गई थी। इस घटना से सबक लेते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस को विभिन्न वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी ढोने वाले चालकों के विरूद्ध कार्रवाई करनी चाहिए साथ ही ओव्हरलोड अन्य वाहनों पर भी कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।



**पुलिस के सामने से निकलते हैं**

बाइक तथा चार पहिया वाहनों में ओव्हरलोड भरकर कई छोटे-बडे वाहन पुलिस के सामने से आसानी से बिना किसी रोक-टोक के निकल जाते हैं। कहने को तो नियमित रूप से पुलिस की जांच पड़ताल होती है तो पुलिस ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई क्यों नहीं करती, जबकि दुपहिया एवं चार पहिया वाहनों में ओव्हर लोड कर कई वाहन चालक प्रतिदिन चलते हैं।

**इस तरह बाइक पर खतरनाक सवारी**

बीते दिनों मुख्य मार्ग पर कलेक्टर कार्यालय के समीप सुबह के समय एक बाइक के पीछे ओव्हरलोड गर्म कपडे की सामग्री लोड कर खतरनाक सवारी करते एक व्यक्ति को देखा गया। बाइक के पीछे काफी संख्या में रजाई, गद्दे रखे गए थे, इससे बाइक की पूरी सीट पर गर्म कपडे ऊंचाई तक बांधे गए थे और चालक को बैठने के लिए सीट बची ही नहीं थी, ऐसी स्थिति में बाइक चालक बाइक की टंकी पर बैठकर बाइक चलाते देखा गया, ऐसा करना दुर्घटना को दावत देने के बराबर है, ऐसे सामान ढोने वालों पर भी उचित कार्रवाई करने की जरूरत है। कुछ बर्तन वाले भी बाइक पर भारी मात्रा में बर्तनों को बांधकर सवारी करते नजर आते हैं, इन पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोकतंत्र केवल शब्द नहीं बल्कि हमारी आवाज, हमारी सहभागिता और हमारी जिम्मेदारी है। इसी भावना को और सशक्त बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरे प्रदेश में प्रारंभ किया गया है।

- **बीएलओ पहुंच रहे हैं घर घर अधिकारी कर रहे हैं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की कार्रवाई 4 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। यह पुनरीक्षण कार्य अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर किया जा रहा है। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध करा रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं को फॉर्म भरने में आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं तथा भरे हुए फॉर्म संग्रहित कर रसीद प्रदान भी कर रहे हैं। वहीं अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने गणना प्रपत्र की दो प्रतियां सही-सही भरकर तथा हस्ताक्षर कर त्वरित रूप से अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। फॉर्म के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि फॉर्म में नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो लगाना आवश्यक रहेगा। मतदाता अपने गणना प्रपत्र को ऑनलाइन लिए निर्वाचन आयोग का माध्यम से भी भर सकते हैं। इसके इसिनिट मोबाइल एप अथवा आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त इच्छुक नागरिक अपने बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से भी ऑफलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं।



**कार्यक्रम की महत्वपूर्ण तिथियां**

गणना प्रपत्र भरने की अवधि 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक, मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर, दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 सुनवाई एवं सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी है। प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना तथा उससे संबंधित जानकारियों का सही होना अत्यंत आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## तीन उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण



**बैकुण्ठपुर।** लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत जिला कोरिया में तीन महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से मजबूत होगा, जिससे आवागमन और आर्थिक गतिविधियों में सुविधा होगी।

138 मीटर लंबाई और 6 स्पान, 23 मीटर वाले इस उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य जारी है। विभागीय जानकारी के अनुसार पुल के 4 पीयर का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 1 पीयर पर कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 2 स्लैब ढलाई भी पूरी कर ली गई है। इस परियोजना को फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 135 मीटर लंबाई एवं 6 स्पान के 22.5 मीटर इस पुल में वर्तमान में नींव निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। विभाग ने इसे सितंबर 2026 तक पूरा करने की समय-सीमा तय की है। 161 मीटर लंबाई और 7 स्पान, 23 मीटर वाले इस उच्च स्तरीय पुल में नींव कार्य प्रगति पर है। विभाग का लक्ष्य इसे जून 2026 तक पूर्ण करना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार तीनों निर्माण कार्य नियम-शर्तों के अनुरूप नियमित रूप से निरीक्षण और मापदंडों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# केल्हारी में पुलिस ने चलाया यातायात और नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के केल्हारी में शनिवार को साप्ताहिक बाजार के अवसर पर थाना प्रभारी टिकेश्वर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा यातायात जनजागरूकता और नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। साप्ताहिक बाजार में काफी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी को देखते हुए पुलिस ने मौके का उपयोग लोगों को सड़क सुरक्षा और नशे से दूर रहने का संदेश देने के लिए किया।

अभियान के दौरान थाना प्रभारी टिकेश्वर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लापरवाही और नशे में वाहन चलाना है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें। नशे की हालत में वाहन ना चलाएं और अपने बच्चों को भी यातायात नियमों की जानकारी दें। पुलिस टीम ने मौके पर दुपहिया वाहन चालकों की जांच भी की। जांच के दौरान यह सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकतर लोग बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी ने उन्हें समझाइश दी और शीघ्र लाइसेंस बनवाने की सलाह दी साथ ही यह भी बताया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान में पुलिसकर्मियों ने बैनर और पोस्टर के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया। इसमें सेफ ड्राइव, सेव लाइफ, नशा त्यागो, जीवन संवारो जैसे संदेश लिखे थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए, ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करें और सड़क हादसों में कमी आए।



# भाजपा मंडल चरचा में एसआइआर कार्यशाला



**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के राम मंदिर परिसर स्थित सामुदायिक भवन में 8 नवंबर को भाजपा मंडल चरचा के तत्वावधान में एक दिवसीय एसआईआर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों को आम जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर कार्य की रणनीति तय करने के उद्देश्य से रखी गई थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का वास्तविक बल उसका कार्यकर्ता है, जो निःस्वार्थ भाव से संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाता है। उन्होंने आगामी पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन का आधार स्तंभ है और भाजपा का विस्तार केवल समर्पण और अनुशासन से ही संभव है। उन्होंने कहा कि एसआइआर कार्यशाला का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को नवीन राजनीतिक, सामाजिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण से प्रशिक्षित करना है ताकि वे जनता के बीच प्रभावी भूमिका निभा सकें। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, नगरपालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष एवं नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीपा विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री सहित मंडल के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, सरपंच, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सचिव, बीएल 2 एवं पार्षद कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे। कार्यशाला में वक्ताओं ने संगठन के तीन प्रमुख सूत्र संपर्क, संवाद और सेवा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में आम जनता से जुड़कर केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देनी चाहिए, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच सके।

# नन्हें-मुन्हें बच्चों ने किया रेलवे स्टेशन का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

लिटिल मिलेनियम एवं अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत रेलवे स्टेशन मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया। इस भ्रमण में बच्चों का स्वागत मुख्य स्टेशन प्रबंधक एसके निर्मल, रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक बीके चौधरी एवं कमर्शियल कम टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने बच्चों को टिकट काउंटर की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया और यात्रा के दौरान टिकट अवश्य लेने तथा स्टेशन पर टिकट लेकर ही प्रवेश करने की सलाह दी। इसके पश्चात निरीक्षक बीके चौधरी ने रेलवे से जुड़ी सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना टिकट यात्रा करना, पैदल पटरी पार करना या अनावश्यक रूप से ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए विभिन्न धाराओं के तहत सजा का प्रावधान है। साथ ही उन्होंने बच्चों को स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ेदान का उपयोग करने की समझाइश भी दी। मुख्य स्टेशन प्रबंधक एसके निर्मल ने बच्चों को ट्रेन संचालन प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार ट्रेन को स्टेशन पर उपलब्ध खाली लाइन में लाया जाता है और कैसे संकेत प्रणाली के माध्यम से गाड़ियों के आगमन व प्रस्थान को नियंत्रित किया जाता है। साथ ही मालगाड़ी और यात्री ट्रेन में अंतर भी बताया गया। इस शैक्षिक भ्रमण को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्कूल संचालक मो. फिरोज एवं बच्चों की ओर से अतिथि अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर निरीक्षक द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उन्हें खुशी प्रदान की गई।

यह आयोजन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक एवं यादगार साबित हुआ। इस आयोजन की सफलता में विजय विश्वकर्मा, ऋचा अग्रवाल, इलियास खान, शहाबुद्दीन अंसारी, स्मृति गुप्ता, निशी विश्वकर्मा, नेहा यादव, तेजस्वानी नामदेव, तसलीम मंसूरी, नंदनी विश्वकर्मा, अनामिका आइंद, श्रद्धा साव, विमला दाहिया, आयशा खातून, जागृति, साक्षी सिंह, निकुंज गोयल, सुप्रिया साहू, शांति जायसवाल का योगदान सराहनीय रहा।



### जनजातीय समाज की प्रेरक जीवनशैली अपनाने से होगा विकसित भारत का निर्माण

**अम्बिकापुर।** कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, प्रांत संगठन मंत्री सुभाष बडोले, महेश्वर सिंह एवं कार्यकारी अध्यक्ष पनतराम भगत एवं मुख्य वक्ता वैभव सुरंगे के आतिथ्य में एसजीजीयू ने जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्कि योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज की आध्यात्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख किया। 250 वर्ष पूर्व सरगुजा में गोंड राजा के शासन की जानकारी साझा की। उन्होंने शासकीय योजनाएं बनाते समय जनजातीय समाज के सुझावों को शामिल किये जाने का आह्वान किया।

# सखी वन स्टॉप सेंटर ने भटकती महिला को 13 साल बाद परिवार से मिलाया

**सूरजपुर।** रामानुजनगर रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात अर्ध विक्षिप्त 42 वर्षीय महिला रेलवे ट्रेक में चोटिल अवस्था बैठी हुई पाई गई। जिसे सुरक्षा की दृष्टि से सखी सेंटर में आश्रय हेतु लाया गया। सखी द्वारा तत्काल महिला को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। इलाज उपरांत सखी स्टाफ द्वारा महिला से बातचीत किया गया। अर्ध विक्षिप्त होने के कारण महिला सही सही जानकारी नही दे रही थी, परंतु महिला के बिहारी भाषा में बातचीत करने एवं छपरा बहास का बार बार जिक्र करने पर संबंधित थाना एवं सखी वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया गया। व्हॉटसअप व सोशल नेटवर्क के माध्यम से पीड़ति महिला के परिवार की पतासाजी की गई तत्पश्चात पीड़ति महिला छपरा बहास पूर्वी चम्पारण बिहार की रहने वाली ज्ञात हुई। महिला का वीडियो कॉल से उसकी मां, बेटा व अन्य परिवार से बातचीत कराया गया, जिसमें पीड़ति द्वारा अपनी मां व अन्य परिजनो को पहचान लिया गया। 13 साल बाद महिला की जानकारी प्राप्त होते ही परिवार खुशी से झूम उठे और बिहार से छत्तीसगढ़ महिला को लेने निकल पडे। 2 से 3 दिन का सफर तय कर सखी सेंटर पंहुचे। सखी द्वारा लेने आए परिवार के मां, बेटा, भांजी व महिला का परामर्श किया गया। परिजन द्वारा बताया गया कि महिला के चार बच्चे है एवं पति का देहांत हो चुका है। महिला 13 वर्ष पहले मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण घर से निकल गई थी। महिला को बहुत खोजने का प्रयास किया गया परंतु कुछ पता नही चल सका।







